Chapter- 04

अब बतलाओ

STUDY NOTES

विषय प्रतिपाद्य-

अब बतलाओ कविता के माध्यम से यही बताने की कोशिश की गई है कि डरपोक प्राणी का जीवन आतकिंत व असुरक्षित रहता है। एकबार चुहे ने बिल्ली को देखा और डरकर भागा। बिल्ली ने भी उसके पीछे भागने लगी। चूहे के सामने कुआँ था। उसे पता नहीं चला और कुएँ में गिर गया। वह काँपने लगा। बिल्ली उपाय सोचने लगी कि चूहे को बाहर निकाले और कुएँ के अंदर रस्सी लटका दी। चूहे ने रस्सी पकड़ी। जैसे ही चूहे ने ऊपर देखा वैसे ही बिल्ली ने कुएँ में झाँका चूहा ऊपर आएगा या कुएँ पानी में ही मर जाएगा।

अभ्यास के लिए:

मौखिक-

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास।

बिल्ली गहरा कुआँ आँख

भूख यत्न जल्दी रस्सी

२. कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए।

क) चूहा क्यों भागा?

उ: चूहा बिल्ली से डरकर भागा।

ख) चुहे को क्या पता नहीं था?

उ: चूहे को पता नहीं था कि उसके सामने कुआँ है।

ग) बिल्ली ने कुएँ के अंदर क्या लटकाया?

उ: बिल्ली ने कुएँ के अंदर रस्सी लटकाया।

घ) बिल्ली ने कहाँ झाँका?

उ: बिल्ली ने कुएँ में झाँका।

लिखित-

१. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) चूहे ने बिल्ली को कहाँ देखा?

उ: चूहे ने बिल्ली को एक कोने में देखा।

ख) चूहा काँपने क्यों लगा?

उ: कुएँ में पानी था इसलिए चूहा काँपने लगा।

ग) बिल्ली ने क्या सोचने लगी?

उ: बिल्ली सोचने लगी कि चूहे को कैसे बाहर निकाले और अपनी भूख मिटाए।

घ) चूहे ने क्या पकड़ा?

उ: चूहे ने रस्सी को पकड़ा।

ङ) जब चूहे ने ऊपर देखा तब बिल्ली क्या कर रही थी?

उ: जब चूहे ने उपर देखा तब बिल्ली कुएँ में झाँक रही थी।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।

क) अंत में चूहे ने क्या किया होगा?

उ: अंत में चूहे ने सोचा होगा कि डरपोक प्राणी का जीवन आतंकित व असुरक्षित है। इसलिए चूहे ने कुएँ में ही अपना समय बिताया होगा। थककर बिल्ली जब सुबह चली गई होगी तब वह बाहर निकल आया होगा।

ख) यदि आप चूहे की जगह होते तो क्या करते? अपने शब्दों में तीन-चार वाक्य में उत्तर लिखिए।

उ: यदि में चूहे की जगह होती तो-

i) पहले ऊपर आने की कोशिश करती।

ii) जब बिल्ली ने रस्सी फेंकी तो रस्सी को पकड़ कर उपर आ जाती।

iii) बिल्ली ने जब मुझे पकड़ने कोशिश करती तो मैं जोर से भागती।

भाषा-ज्ञान

१. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए।

बिल्ली – बिलाव

चूहा – चुहिया

शेर – शेरनी

ऊँट – ऊँटनी

हाथी – हाथिनी

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

२. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

पीछे – आगे तेज – धीरे

गहरा – उथला बंद – खुला

बाहर – अंदर जल्दी – धीरे

३. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर लिखिए।

जो खतों में काम करता है – किसान

जो सड़क बनाता है – मजदूर

जो लकड़ी काटता है – लकड़हारा

जो कपड़े धोता है – धोबी

जो जूते बनाता है – मोची

जो लकड़ी से फर्नीचर बनाता है – बढ़ई

४. नाम वाले शब्द – कुआँ, पानी, भूख, यत्न, रस्सी

काम वाले शब्द – देखी, दौड़ी, सोचने, भियऊँक, लाई, लटकाई, पकड़ी, झाँका, बतलाओ, आएगा

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow